लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2464

08 दिसम्बर, 2014 को उत्तर के लिए

इस्पात के सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के अस्पताल

2464. श्री ताम्रध्वज साहू:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारतीय इस्पात प्राधिकरण (सेल) लिमिटेड के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा प्रबंधित अस्पतालों का उनके बिस्तर क्षमता सहित स्थान-वार, ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या छत्तीसगढ़ राज्य में चिकित्सीय प्रशिक्षण हेतु उक्त अस्पतालों से कतिपय नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र सम्बद्ध हैं; और

(ग) यदि हां, तो सम्बद्धता की निबंधन और शर्तों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात और खान राज्य मंत्री **श्री विष्णु देव साय**

(क): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) द्वारा संचालित किये जा रहे अस्पतालों की उनकी बिस्तर क्षमता सहित स्थान-वार सूची संबंधी विवरण अनुलग्नक-I पर संलग्न है।

(ख) और (ग): दो नर्सिंग कालेज नामतः भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट के अधीन पी. जी. कालेज ऑफ नर्सिंग, भिलाई और गंगाजली एजूकेशन सोसाइटी, भिलाई के अधीन श्री शंकराचार्य कालेज ऑफ नर्सिंग, भिलाई जे.एल.एन. अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र, भिलाई, छत्तीसगढ़ से संबद्ध हैं। जे.एल.एन. अस्पताल के साथ इन संस्थानों के एमओयू की मुख्य विशेषताएं निम्नवत हैं:-

जे.एल.एन. अस्पताल भिलाई एजूकेशनल ट्रस्ट के अधीन पी. जी. कालेज ऑफ नर्सिंग, भिलाई के निम्नलिखित श्रेणी के विद्यार्थियों को क्लीनिकल ट्रेनिंग सुविधा प्रदान करेगा।

बी.एससी. (नर्सिंग)	-	75 छात्र
एम.एससी. (नर्सिंग)	-	30 छात्र
पोस्ट बेसिक बी.एससी. (नर्सिंग)	-	30 छात्र
सर्टिफिकेट कोर्सेज	-	30 छात्र

ट्रस्ट ट्रेंनिंग (क्लीनिकल) हेतु बी.एससी. (नर्सिंग) के लिए प्रति छात्र 3000 रूपये वार्षिक, एम.एससी. (नर्सिंग) के लिए प्रति छात्र 6000 रूपये वार्षिक और पोस्ट बेसिक बी.एससी. (नर्सिंग) के लिए प्रति छात्र 1500 रूपये वार्षिक शुल्क का भुगतान करेगा।

जे.एल.एन. अस्पताल, श्री गंगाजली एजूकेशनल सोसाईटी के अधीन पी. जी. कालेज ऑफ नर्सिंग, भिलाई के निम्नलिखित श्रेणी के विद्यार्थियों के लिए क्लीनिकल ट्रेनिंग सुविधा प्रदान करेगा।

बी.एससी. (नर्सिंग)	-	60 छात्र
एम.एससी. (नर्सिंग)	-	18 छात्र
पोस्ट बेसिक बी.एससी. (नर्सिंग)	-	20 छात्र
जीएनएम कोर्सिज	-	40 छात्र
एएनएम कोर्सिज	-	30 छात्र

ट्रस्ट ट्रेंनिंग हेतु बी.एससी. (नर्सिंग) के लिए प्रति छात्र 5000 रूपये वार्षिक, एम.एससी. (नर्सिंग) के लिए प्रति छात्र 8000 रूपये वार्षिक और जीएनएम कोर्सिज के लिए प्रति छात्र 5000 रूपये वार्षिक और एएनएम कोर्सिज के लिए प्रति छात्र 2500 रूपये वार्षिक शुल्क का भुगतान करेगा।

अनुलग्नक-**I**

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) द्वारा संचालित किये जा रहे अस्पतालों की उनकी बिस्तर क्षमता सहित सूची

क्र.सं.	स्थान	अस्पताल	बिस्तरों की संख्या
1.	भिलाई, छत्तीसगढ़	जेएलएन हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर	860
		भिलाई अस्पताल	60
		राजहरा माइंस अस्पताल	60
		नंदिनी माइंस अस्पताल	15
		हिर्री माइंस अस्पताल	5
2.	बोकारो, झारखंड	बोकारो जनरल अस्पताल	910
3.	दुर्गापुर, पश्चिम बंगाल	डीएसपी मुख्य अस्पताल	600
4.	राउरकेला, ओडिशा	इस्पात जनरल अस्पताल	650
		उर्वरक अस्पताल	30
5.	बर्नपुर, पश्चिम बंगाल	बर्नपुर अस्पताल	340
6.	सलेम, तमिलनाडु	एसएसपी अस्पताल	40
7.	भद्रावती, कर्नाटक	वीआईएसएल अस्पताल	115
8.	किरिबुरू खान	सेल माइंस अस्पताल	90
9.	बोलानी खान	सेल माइंस अस्पताल	50
10.	बरसुआ खान	सेल माइंस अस्पताल	52
11.	काल्टा खान	सेल माइंस अस्पताल	18
12.	गुआ माइंस	सेल माइंस अस्पताल	50
13.	मनोहरपुर खान	सेल माइंस अस्पताल	20
14.	भावनाथपुर खान	सेल माइंस अस्पताल	20